


# डीआरपी लाइन पर बलवाइयों को खदेड़ा गया । पुलिस ने की बलवा ड्रिल का प्रयोग





खरगोन -पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह के निर्देशन में शुक्रवार को डीआरपी लाइन मैदान पर आगामी त्योहारों और कानून व्यवस्था की तैयारियों के मद्देनजर पुलिस ने बलवा व मॉक ड्रिल की। एसपी सिंह की मौजूदगी सुबह 9:30 बजे शुरू हुई ड्रिल में पुलिसकर्मी ही बलवाई बने और पुलिसकर्मी ही नियंत्रण करते नजर आए। प्रदर्शन के दौरान हर उस गतिविधि को प्रदर्शित किया जो हालात बिगड़ने के दौरान पुलिस के सामने स्थिति बनती है। अफसरों का इशारा मिलते ही बलवा प्रदर्शन करने वाली टीम ने मांगों के समर्थन में पुलिस और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। कुछ देर बाद एसडीओपी श्री राकेश शुक्ला बल के साथ उन्हें समझाने पहुंचे लेकिन प्रदर्शन कारी भड़क गए और पत्थर बाजी करने लगे और आगजनी की। प्रदर्शनकारी को रोकने के लिए लगाए गए बेरिकेड्स भी तोड़ दिए। ये सब देख पुलिस ने एलाउंस कर चेतावनी दी गई कि भीड न लगाएं, प्रदर्शन गैरकानूनी है, तीतर-बितर नहीं हुए तो फायरिंग होगी। इसके बाद भी प्रदर्शन जारी रहने पर फायरिंग भी की गई। घायलों को एम्बुलेंस के जरिये अस्पताल ले जाया गया। हंगामा बढ़ने पर फायर फायटर के जरिये आगजनी पर काबू पाने के बाद बलवाइयों पर पानी की बौछार की गई। करीब 1 घण्टे चले प्रदर्शन के बाद। थाना प्रभारी बीएल मंडलोई ने प्रदर्शन में किये गए उपकरणों के इस्तेमाल सहित घायलों एवं हालात की स्थिति की रिपोर्ट एसपी को प्रस्तुत की। एसपी ने ड्रिल की सराहना करते हुए। आगामी त्योहार पर मुस्तैदी से तैनात रहने के निर्देश दिए। बलवा ड्रिल में एएसपी श्री मनीष खत्री, एसडीओपी मण्डलेश्वर श्री मनोहर गवली, भीकनगांव एसडीओपी श्री संजू चौहान, आरआई रेखा रावत और थानों के प्रभारी भी सक्रिय होकर सहभागिता की।बलवा ड्रिल से पहले एसपी श्री सिंह ने तैयारी का अवलोकन करते हुए ड्रिल में शामिल होने वाले पुलिस कर्मियों की बॉडी लैंग्वेज, हेलमेट, लाठी और अन्य सामग्रियों को देखा। साथ ही उन्होंने पुलिस कर्मियों से संवाद करते हुए बलवाइयों पर लाठी चार्ज करने, घुटने के बल पर तेजी से चलते हुए लाठी से वार करना, पत्थरों को रोकने के तरीकों तथा अश्रु गैस से खुद को बचाने की टक्टिक्स भी सिखाई। सिलसिले वार एक रो में तैयार खडे पुलिस जवानों की मुस्तैदी देखी। एसपी श्री सिंह ने जवानों से कहा कि बलवाइयों को खदेड़ने के लिए एक साथ एक पंक्ति में जाना होता है

## 2125 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी प्रारंभ



**खरगोन - रबी विपणन वर्ष 2023-24 में कृषक समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन गत शनिवार करना प्रारंभ कर चुके है । समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन कृषक 10 मई तक कर सकते है। औसत अच्छी गुणवत्ता के गेहूँ का समर्थन मूल्य 2125 रूपये प्रति ि ंटल निर्धारित किया गया है। गेहूँ उपार्जन कार्य सप्ताह में 05 दिवस सोमवार से शुक्रवार प्रातः 8 बजे से शाम 8 बजे तक किया जाएगा एवं कृषकों को तौल पर्ची सायं 06 बजे तक जारी की जाएगी। समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिए कृषकों को अपनी उपज विक्रय के लिए कृषक द्वारा स्लॉट बुकिंग किया जाना आवश्यक है। ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसानों को अपनी उपज विक्रय के लिए एसएमएस प्राप्त होने का इंतजार करने की आवश्यकता को समाप्त करते हुए कृषक उपज तैयार होने पर विक्रय के लिए उपार्जन केन्द्र एवं उपज विक्रय की दिनांक का चयन स्वयं ई-उपार्जन पोर्टल पर कर सकेंगे। जिसकी व्यवस्था इस प्रकार रहेगी। प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर गेहूं की तौल क्षमता का निर्धारण पोर्टल पर किया जाएगा, जिसके अनुसार प्रति तौलकांटा प्रतिदिन 250 ि ंटल के मान से गणना की गई है। प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर प्रतिदिन न्यूनतम 1000 ि ंटल उपज को तौल के लिए 4 तौल कांटे आवश्यक रूप से लगाएं जाएं एवं उपार्जन केन्द्र पर गेहूं की आवक अनुसार तौल कांटों की संख्या में वृद्धि की जाए। जिसकी तत्समय डीएसओ लॉगिन से पोर्टल पर प्रविष्टि की जा सकेंगी।**

कृषक 21 मार्च से स्लॉट बुकिंग की जा रही है। इस लिंक की जानकारी एसएमएस के माध्यम से कृषक के मोबाइल, एमपी ऑनलाइन, सीएससी, ग्राम पंचायत, लोक सेवा केन्द्र इंटरनेट कैफे, उपार्जन केन्द्र से स्लॉट बुकिंग की जा सकेगी। स्लॉट बुकिंग के लिए कृषक के ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल पर ओटीपी प्रेषित किया जाएगा जिसे पोर्टल पर दर्ज करना होगा। उपार्जन का कार्य सोमवार से शुक्रवार तक किया जाएगा एवं उपज विक्रय के लिए इसी अवधि की स्लॉट बुकिंगकी जा सकेगी। कृषक द्वारा उपज विजय के लिए स्लॉट बुकिंग उपार्जन के अंतिम 10 दिवस को छो?कर की जा सकेगी एवं स्लॉट की वैधता अवधि 7 कार्य दिवस होगी। कृषक द्वारा उपज विक्रय के लिए तहसील अंतर्गत जहाँ कृषक की भूमि है किसी भी उपार्जन केन्द्र का चयन किया जा सकेगा। कृषक की भूमि एक से अधिक तहसील में स्थित होने पर उनके द्वारा किसी एक तहसील के उपार्जन का चयन किया जा सकेगा। जहां पर पंजीकृत भूमि की उपज का विक्रय किया जा सकेगा। उपार्जन केन्द्र की तौल क्षमतानुसार लघु सीमांत एवं ब? कृषकों को मिलाकर स्लॉट बुकिंग की सुविधा रहेगी जिसमें प्रतिदिन 100 दिन से अधिक विक्रय क्षमता के 4 कृषक तक हो सकेंगे। स्लॉट बुकिंग के समय पोर्टल पर कृषक की विक्रय योग्य कुल मात्रा प्रदर्शित कराई जाएगी। जिसमें कृषक बारा वास्तविक विक्रय योग्य कुल अनुमानित मात्रा की प्रविष्टि करनी होगी। इस मात्रानुसार ही कृषक से उपज की खरीदी की जा सकेगी।

पोर्टल पर स्लॉट बुकिंग अनुसार उपार्जन केन्द्र की ऋय योग्य क्षमता घटते ऋम में प्रदर्शित होगी। निर्धारित दिवस में उपार्जन केन्द्र की तौल क्षमतानुसार स्लॉट बुक होने पर कृषक को आगामी रिक्त क्षमता वाले दिवस के लिए स्लॉट बुक करना होगा। कृषक द्वारा स्लॉट बुकिंग करने के उपरांत उपार्जन केन्द्र का नाम, विक्रय योग्य मात्रा एवं विक्रय की दिनांक एसएमएस के माध्यम से सूचित की जाएगी तथा इसका प्रिन्ट भी निकाला जा सकेगा। कृषक द्वारा विक्रय की जाने वाली संपूर्ण उपज की स्लॉट बुकिंग एक समय में ही करनी होगी। आंशिक स्लॉट बुकिंग/आंशिक विक्रय नहीं किया जा सकेगा। कृषक द्वारा निर्धारित उपार्जन केन्द्र पर स्लॉट बुकिंग करने के उपरांत अन्य केन्द्र पर कृषक पंजीयन परिवर्तन, स्थानांतरण की सुविधा नहीं होगी। कृषक को स्लॉट बुकिंग के समय पोर्टल पर आधार लिंक बैंक खाता ऋमांक एवं बैंक का नाम प्रदर्शित कराया जाएगा। जिसमें समर्थन मूल्य पर उपार्जित स्कंध का भुगतान किया जाना है। कृषक द्वारा बैंक पासबुक से खाते का मिलान कर स्वयं पोर्टल पर सत्यापन करना होगा। उसके उपरांत ही स्लॉट बुकिंग जा सकेगी पोर्टल प्रदर्शित बैंक खाता/आईएफएससी त्रुटिपूर्ण होने अथवा अन्य कारणों से कृषक द्वारा अन्य बैंक खाते में भुगतान चाहे जाने पर कृषक को अपना नवीन बैंक खाता आधार से लिंक कराना होगा, तदुपरांत स्लॉट बुकिंग की जा सकेगी।

## प्रदेश में लांच हुई युवा नीति-लर्न और अर्न योजना का हुआ शुभारम्भ



खरगोन -मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को शहीद दिवस के अवसर पर प्रदेश में लर्न और अर्न योजना का शुभारंभ करते हुए युवा महापंचायत को भोपाल के मोतीलाल नेहरू मैदान में संबोधित किया। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश की युवा नीति का विमोचन और प्रदेश में युवा पोर्टल का भी शुभारम्भ लिया। भोपाल में आयोजित हुई युवा महापंचायत में युवाओं को राज्य पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया। खरगोन महाविद्यालय में युवा छात्र छात्राओं से खचाखच भरे हॉल में मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा की गई घोषणाओं का तालियों की गडगडाहट और भारत माता की जय के नारों से गुंजा। इस दौरान जनभागीदारी के अध्यक्ष श्री दीपक कानूनगो, सदस्यों में श्री मुकेश बिडारे, हिमांशु ठाकुर, श्रीमती शीतल राठौर, श्याम गुप्ता, माया खोडे और मीना कोचले सहित महाविद्यालय के प्राचार्य श्री आरएस देवडा व स्टॉप तथा मप्र पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व उपाध्यक्ष श्री भागीरथ कुमरावत उपस्थित रहे।

### लर्निंग पढ़ाई को आसान बनाता है

इस कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि रीड करने से ज्यादा लर्न करना होगा। लर्निंग प्रक्रिया ही पढ़ाई को आसान बनाती है। उन्होंने युवाओं को खुद की वैल्यू बढाने के लिए माइकल जॉर्डन की प्रेरक कहानी भी सुनाई। इए दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने युवाओं से आव्हान करते हुए कहा कि मोबाइल के माध्यम से अपने घर की माता बहनों की ई-केवायसी कर मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का लाभ दिलाने में सहयोगी बन सकते हैं। इस योजना में प्रति माह 1-1 हजार रुपये खाते में आने है। लेकिन इसके लिए पात्र महिलाओं की ई-केवायसी जरूरी है। आप लोगों के पास स्मार्ट मोबाइल है तो अपने मोबाइल से घर की माता बहनों या सहयोग कर सकते हैं।

### युवाओं के लिए ये की नई घोषणाएं

1 जून से युवा पोर्टल पर युवा अपना रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ कर सकते हैं। इस रजिस्ट्रेशन के बाद अपनी चुनिंदा सेक्टर में अप्रेंटिस के तौर पर कार्य सीख सकते हैं। इस दौरान कंपनी जो भी स्टायफन देगी उसके अतिरिक्त शासन द्वारा 8-8 हजार रुपये प्रति युवा को दिया जाएगा। प्रदेश में अब युवा आयोग बनाया जाएगा और युवाओं के लिए पृथक से भी बजट होगा। मप्र में यूथ गेम्स भी प्रति वर्ष आयोजित होंगे। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अब हर बार शुल्क नहीं भरना होगा। इसके अलावा दिल्ली इंटरव्यू के लिए जाने वाले छात्रों के लिए मप्र भवन में निशुल्क रहने ठहरने और खाने की व्यवस्था होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कार्यक्रम के माध्यम से कई योजनाओं के युवा हितग्राहियों के बैंक खातों में राशि भी अंतरित की।

## सड़क किनारे खडी मोटर सायकल चौरी

बडवाह--- बुधवार सुबह 10.30 सुभाष मार्ग वार्ड क्र.03 पूर्व पार्षद राजेश सराफ के निकट सडक किनारे दीवार के सहारे खडी दोपहिया वाहन को अज्ञात चोर चोरी करके रफू चक्कर हो गए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्ष्मण भाटी ने बताया कि मै एक कृषक हू आज सुबह करीब 10बजे घर खाना खाने आया हुआ थ। खाना खाने पुन वापस खेत जाने के लिए घर से बाहर आया तो मेरा दुपहिया वाहन मौके स्थल से गायब हो गाया। उसके बाद सराफा बाजार गोदी पट्टी मे वाहन कि तलाश करने के बावजूद भी नही मिला। उसके बाद बड़वाह पुलिस थाना मे पहुचकर वाहन के चोरी होने कि रिपोर्ट दर्ज कारवाई है। वाहन जिसका रंग ब्लेक सिल्वर साईन वाहन है। थाना पुलिस ने लक्ष्मण भाटी की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नव संवत्सर का किया स्वागत हिंदू विचार मंच ने तिलक लगाकर एवं श्रीखंड बांटकर दी बधाई




**ब?वाह---हिंदू नव वर्ष, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2080, गुड़ी पड़वा एवं चेत्र नवरात्र के साथ ही निमाड़ मालवा के गणगौर पर्व के उपलक्ष्य में हिंदू विचार मंच के युवाओं द्वारा नगर के मुख्य मार्ग पर नवसंवत्सर 2080 को बधाई, शुभकामनाओं के बैनर तले आने जाने वालों को तिलक लगाकर श्रीखंड खिलाकर बधाइयां दी। लगभग 51 किलो श्रीखंड का प्रसाद वितरित हुआ।जिसमें हिंदू जागरण मंच के ज्ञान प्रकाश शर्मा, जितेंद्र सिंह राजपूत, अलोक गीते, विवेक परिहार, नरेंद्र केवट, सुनील सिंह बेस, दीपक खंडेलवाल, अशोक भालसे, संतोष भैरवे, अजय लाखन, देव वर्मा, अंकित वर्मा, समीर माहुले आदि ने योगदान दिया।**

### सर्व ब्राह्मण महासभा के सदस्यों ने तिलक लगाकर नए वर्ष की बधाई दी

**हिंदू नववर्ष को लेकर नगर में बेहद उत्साह देखने को मिला।कई समाज और संस्थाओं ने अलग.अलग तरीके से नववर्ष मनाया तो वहीं नववर्ष पर घरों में गु?ी स्थापित कर पूजा की गई।सर्व ब्राह्मण महासभा के सदस्यों ने हिंदू नववर्ष के अवसर पर राहगीरों को चंदन का तिलक लगाकर नए वर्ष की बधाई दी।उन्हें प्रसाद भी वितरित किया गया।सुबह 9 बजे समाज के लोगों ने मुख्य चौराहे के पास मंच लगाकर कार्यक्रम का आयोजन किया।शुरुआत में वेदपाठी पंडितों ने विश्व शांति की कामना के लिए नर्मदाष्टक भी किया।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता सर्वब्राह्मण महासभा अध्यक्ष सुरेन्द्र पंड्या दुर्गावाहिनी अध्यक्षा दीपमाला शर्मा भी पूजन कर सबको नए वर्ष की बधाई दी।**

# पूरे प्रदेश में तिरुपति नर्सरी का जिक्र करता हूं - दर्शन सिंह

## मप्र सहित विभिन्न प्रदेशों से आए 12500 पर्यावरण प्रेमी...

बड़वाह---किसी देश का विकास कुछ साल के लिए करना हो तो उद्योग लगा लो, किसी देश का विकास 100 साल के लिए करना हो तो खेती विकसित कर लो, और अगर किसी देश का विकास हजारों सालों के लिए करना हो तो बाग बगीचे उद्यान तालाब आदि विकसित कर लो।उद्यान पौधों और नर्सरी के क्षेत्र में जो काम तिरुपति नर्सरी के संचालक लक्ष्मण काग एवं उनकी श्रीमती उमा जी ने किया है वह अपने आप में अद्वितीय है उक्त विचार भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी ने अपने बड़वा स्थित तिरुपति नर्सरी के प्रवास के दौरान कहे।आगे उन्होंने यह भी कहा कि मैं यहां दो तीन बार आ चुका हूं और हर बार मुझे कुछ बढ़कर ही मिलता है काग परिवार की मेहनत देखते ही बनती है और इस प्रदर्शनी को लगाकर उन्होंने राष्टीय स्तर पर मिसाल पेश की है 28 प्रकार के वाटिका ओं में 500 से लगभग अधिक पौधों की प्रजातियां देखकर हर कोई अभिभूत है।इस दौरन नपा अध्यक्ष राकेश गुप्ता त्रिलोक राठौइ सरपंच राजकुमार वर्मा जनपद सदस्य जय करो?ा किसान मोर्चा,खरगोन जिलाध्यक्ष महेश गुर्जर,जिला मिडिया प्रभारी अशोक जाट,देवेन्द्र पाटीदार सहित ब?ी संख्या में आमजन पहुंचे थे।

### रुद्राक्ष के पौधे भेंट ---



काग दंपत्ति ने दर्शन सिंहजी को रुद्राक्ष के पौधे भी भेंट किए।मैं अपनी नर्सरी के भी बनाना वाटिका में अवलोकन भी कराया इसमें कई दुर्लभ प्रजाति के पौधे देखकर दर्शन जी से अभिभूत हुए। भारतीय मनीषियों ने नवग्रह वाटिका, पंच वाटिका, नक्षत्र वाटिका की अवधारणा प्रतिपादित की है।काग के अनुसार जन्म नक्षत्र के साथ ही विपरीत ग्रहों को अनुकूल करने के लिए भारतीय ज्योतिष में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाने के लिए निर्देशित किया गया है। नागरिकों को विलुप्त होते इन पौधों के महत्व व जीवन की सुख-शांति व अच्छे स्वास्थ्य में इन पौधों की भूमिका से परिचित कराने के लिए तिरुपति नर्सरी यह अभिनव आयोजन किया गया।

### वाटिकाओं के लिए सभी पौधे--

तिरुपति नर्सरी के संचालक लक्ष्मणसिंह काग के अनुसार विभिन्न वाटिकाओं में लगाए जाने वाले सभी किस्म के पौधे प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए गए।इसमें नक्षत्र वाटिका के लिए 27 पौधे, नवग्रह वाटिका के लिए आवश्यक 9 पौधे, तीर्थंकर वाटिका के लिए जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों से संबंधित पौधे, राशि वाटिका के लिए 12 किस्म के पौधे, सप्तर्षि वन वाटिका के लिए सात किस्म के पौधे, वास्तुमंडल वाटिका के लिए सभी आवश्यक पौधे, वायुशोधन वाटिका के लिए हवा को शुद्ध रखने वाले पौधों के साथ ही सुगंधित धूप के निर्माण में उपयोग आने वाले पौधे व अन्य वन वाटिकाओं से संबंधित सभी किस्म के पौधे इस प्रदर्शनी में उपलब्ध कराया गया।श्री काग ने बताया कि प्रदर्शनी में 30 प्रकार की वन वाटिकाओं में लगाए जाने वाले सभी किस्म के पौधों से नागरिक परिचित हुए।